हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

12 वोट चोरी के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी



12 डीएवी स्कूल में मनाया गया विजयदशमी त्यौहार



सर्दियों में रेल यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किल

रेलवे ने 30 ट्रेनों को रद्द करने का लिया फैसला, 16 के घटाए जाएंगे फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन रद्द होने से बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू जाने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा होगी परेशानी

उत्तर रेलवे ने आगामी ठंड और धुंध के मौसम को देखते हुए अहम फैसला लिया है। दृश्यता कम होने और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2027 तक विभिन्न मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के पहियों को थामने का निर्णय लिया है। कुल 46 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें 30 ट्रेनें पूरी तरह से रद्द रहेंगी तो 12 आंशिक/फेरे कम और 4 आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी। रेलवे के इस फैसले से आगामी महीनों में यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू की ओर जाने वाले यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि कोहरे के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित संचालन और हादसों से बचाव के लिए यह वार्षिक निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे मुख्यालय ने सभी संबंधित मंडलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक यशनजीत सिंह ने बताया कि रद्द और परिवर्तित समय वाली ट्रेनों की जानकारी स्टेशन नोटिस बोर्ड, पूछताछ केंद्रों के माध्यम से प्रसारित की जा रही है।



पूर्ण रूप से रद्द रहने वाली प्रमुख ट्रेनें

कोहरे के कारण उत्तर रेलवे ने कई दैनिक और साप्ताहिक एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों को पूरी तरह रद्द करने की घोषणा की है। इसमें ट्रेन नंबर 12207/12208 काठगोदाम-जम्मूतवी-काठगोदाम एक्सप्रेस 6 दिसंबर से 2 मार्च के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार 12209/12210 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम लिंक एक्सप्रेस 7 दिसंबर से 2 मार्च, 14605/14606 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी-ऋषिकेश दिसंबर से फरवरी के दौरान, 14541/14542 अमृतसर-चंडीगढ़-अमृतसर डेली एक्सप्रेस 1 दिसंबर से 1 मार्च तक, 14503/14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कालका द्वि-साप्ताहिक 1 दिसंबर से 27 फरवरी तक, 14505/14506 अमृतसर-नंगल डैम-अमृतसर पूरा सीजन, 14523/14524 अंबाला कैंट-बरौनी जंक्शन-अंबाला कैंट दिसंबर से मार्च, 14003/14004 मालदा टाउन-नई दिल्ली-मालदा टाउन 3 दिसंबर से 2 मार्च, 14615/14616 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस साप्ताहिक सेवा पूरे कोहरे के सीजन रद्द रहेगी।

इन ट्रेनों के घटाए गए फेरे

यात्रियों की संख्या और मार्ग की स्थिति को देखते हुए कुछ प्रमुख गाड़ियों के परिचालन के दिन घटा दिए गए हैं। इसमें ट्रेन 22405/22406 भागलपुर-आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस शामिल है। इसके तहत भागलपुर से गुरुवार और आनंद विहार से बुधवार को चलने वाली ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसी प्रकार 11123/11124 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस, सोमवार व गुरुवार और बरौनी से मंगलवार व शुक्रवार को नहीं चलेगी। 12033/12034 कानपुर-नई दिल्ली शताब्दी/एक्सप्रेस, सप्ताह में 6 दिन चलने वाली यह ट्रेन अब मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रद्द रहेगी। 11905/11906 आगरा फोर्ट-होशियारपुर एक्सप्रेस, आगरा फोर्ट से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और होशियारपुर से मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को रद्द रहेंगी। 12179/12180 लखनऊ जंक्शन-आगरा फोर्ट, शनिवार और रविवार को संचालित नहीं होगी।

ये ट्रेनें होंगी आंशिक रद्द

ट्रेन नंबर 12279/12280 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-नई दिल्ली, यह ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और ग्वालियर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। यह ट्रेन केवल ग्वालियर से नई दिल्ली के बीच ही चलेगी। इसी प्रकार 14681/14682 नई दिल्ली-जालंधर सिटी-नई दिल्ली, यह ट्रेन अंबाला कैंट और जालंधर सिटी के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन का संचालन केवल नई दिल्ली से अंबाला कैंट के बीच ही किया जाएगा।

रॉग साइड चलाई रोडवेज बस, वाहन चालकों की बढ़ाई परेशानी हादसे का बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के पुराने बस स्टैंड से निकली हरियाणा रोडवेज की एक बस जीटी रोड पर गलत दिशा में चलती दिखाई दी। बस सरकारी अस्पताल और रेस्ट हाउस के सामने से गुजरते हुए रेस्ट हाउस के पास बने कट से घूम गई। इस दौरान सड़क पर दूसरे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना का वीडियो एक ई-रिक्शा में सवार व्यक्ति ने बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर, जीएम रोडवेज पानीपत डिपो विक्रम कांबोज ने बताया कि रॉग साइड बस चलाने के मामले की जांच की जा रही। जांच की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।



घटना का बनाया वीडियो

जानकारी के अनुसार, बस पुराने बस स्टैंड से बाहर निकलने के बाद जीटी रोड पर गलत दिशा में चलने लगी। व्यस्त सड़क पर बस को रॉन्ग साइड दौड़ते देखकर दूसरे वाहन ड्राइवरों के लिए परेशानी की स्थिति बन गई। इस दौरान एक ई-रिक्शा में सवार व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग सार्वजनिक परिवहन की बस के इस तरह सड़क पर चलने को लेकर नाराजगी जता रहे हैं।

रॉन्ग साइड चलने से हादसे का खतरा

जीटी रोड पर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में रोडवेज बस का गलत दिशा में चलना दूसरे वाहन ड्राइवरों के लिए खतरा बन सकता है। सामने से आने वाले वाहन ड्राइवरों को अचानक बस दिखाई देने पर अपना वाहन संभालने में परेशानी हो सकती है। इससे सड़क हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने या वाहन के टकराने की सूचना सामने नहीं आई है।

युवती को यूके भेजने के नाम पर ठगे 11 लाख

यमुनानगर। युवती को यूके भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पिंजौरा निवासी निसार मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी पढ़ाई के लिए यूके जाना चाहती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात अरुण कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसकी लड़की को यूके भेजने का आश्वासन दिया। आरोपी ने गत 15 फरवरी से 12 अगस्त तक उसकी लड़की को यूके भेजने के नाम पर अलग-अलग करके 11 लाख रुपये ले लिए। इसके साथ ही आरोपी ने उसकी बेटी के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। मगर आरोपी ने उसकी बेटी को यूके नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

टैंकर ने पीछे से बैटरी चालित एक्टिवा को टक्कर मारी, महिला की दर्दनाक मौत

अंबाला। थाना बलदेव नगर क्षेत्र के अंतर्गत रविवार करीब 1:45 बजे किंगफिशर के सामने तेज रफ्तार केमिकल टैंकर ने पीछे से बैटरी चालित एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा पर सवार महिला टैंकर के पहियों के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्टिवा पर सवार पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि उनके पिता बच गए। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शाहपुर गांव के अवतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूल बस चलाते हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह अपनी पांच वर्षीय बेटी अमृत कौर के साथ बैटरी चालित एक्टिवा पर गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में माथा टेकने गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में उन्हें गांव दराली की रहने वाली संगीता शर्मा मिलीं, जो वर्तमान में शाहपुर में रहती थीं। संगीता ने शाहपुर तक जाने के लिए उनसे लिफ्ट मांगी तो उन्होंने उन्हें एक्टिवा पर पीछे बैठा लिया। पीछे से टैंकर ने मारी टक्कर, पहियों के नीचे आई महिला अवतार सिंह के अनुसार जब वे एक्टिवा से अंबाला शहर में किंगफिशर के सामने पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आए केमिकल टैंकर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संगीता शर्मा और उनकी बेटी अमृत कौर सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान संगीता टैंकर के पहियों के नीचे आ गईं और गंभीर रूप से कुचलने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बेटी अमृत कौर के सिर, दाहिने हाथ और दाहिने पैर के पंजे पर गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

महिला की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की अपराध शाखा टू की टीम ने दो सितंबर को शहर जगाधरी थाना क्षेत्र के पटरी मोहल्ला में महिला की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी कॉलोनी के ही साजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।जानकारी के अनुसार टीम के इंचार्ज राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पटरी मोहल्ला निवासी अमनदीप सिंह की लगभग एक वर्ष पहले 26 वर्षीय प्रिया से शादी हुई थी। इस शादी से उसके पास एक बच्चा है। दो सितंबर को आरोपी साजन प्रिया के घर में घुस आया और ताबड़तोड़ चाकू से उस पर वार कर दिए। उसके गले पर भी वार किया गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पटरी मोहल्ला जगाधरी निवासी साजन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

दशहरे पर सुरक्षा का कड़ा पहरा, 500 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

- सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड से प्रमुख चौराहों तक रहेगी निगरानी, सीमा नाके भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के लिए करनाल पुलिस ने जिलेभर में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के दिशा-निर्देशन में करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड के चारों ओर पुलिस का विशेष पहरा रहेगा, जबकि शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। रामलीला भवन से निकलने वाली झांकियों और जुलूस के साथ भी पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। जुलूस रामलीला भवन से शुरू होकर कर्ण गेट, महाराणा प्रताप चौक, मीरा घाटी चौक और नमस्ते चौक से होते हुए सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड पहुंचेगा। पूरे मार्ग पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जिले में तैनात सभी पीसीआर, पुलिस राइडर और ईआरवी वाहनों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में होटल, धर्मशालाओं और रैन बसेरों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति टीम के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।



चोरों ने मकान के स्टोर से चुराया हजारों रुपये का सामान

यमुनानगर। जिले के बुड़िया में गुरूद्वारा कॉलोनी में चोरों ने एक मकान के स्टोर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। चोरी की आरोप रजत कुमार पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुड़िया की गुरुद्वारा कॉलोनी निवासी श्रवण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह सितंबर को वह किसी काम से बाहर गया था। आठ सितंबर को जब वह वापस लौटा तो उसके मकान के स्टोर से एक छोटा गैस चूल्हा, दो गैस सिलेंडर व स्टील के बर्तन गायब मिले। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि यह सामान रजत कुमार के चोरी किया है। उसने इस बारे रजत कुमार से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

व्यक्ति का मोबाइल व कैश चोरी

नेहरू पार्क धोबी घाट रोड निवासी घनश्याम ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 अक्टूबर को चोरों ने नेहरू पार्क रोड धोबी घाट से उसके मोबाइल व 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

धूमधाम से मनाया दुर्गा अष्टमी व महानवमी पर्व

श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर खोला उपवास





यमुनानगर। सोमवार को दुर्गाष्टमी व महानवमी पर्व पर कन्याओं को प्रसाद ग्रहण करवाती श्रद्धालु व पूजन के समय धार्मिक पुस्तक श्री सत्यनारायण कथा का विमोचन करती कन्याएं। *फोटो : हरिभूमि*

- सोमवार को श्रद्धालुओं ने की मां के अष्टम व नवम स्वरूप महागौरी और सिद्धिदात्रि की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को जिले भर में श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी व महानवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के आठवें महागौरी व नौवें सिद्धिदात्रि की पूजा अर्चना की और कन्याओं का पूजन कर उपवास खोला। वहीं, मां के मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। इस दौरान त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में भारी भीड़ जुटी। सोमवार सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्याओं का पूजन करना शुरू कर दिया था। जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर माता के आठवें और नौंवे स्वरूप महागौरी व सिद्धिदात्री के दर्शन किए और वहीं पर कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान कई स्थानों पर भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी दिव्य शर्मा ने बताया कि शरद नवरात्र में मां का पूजन करना बड़ा फलदायी है। सोमवार को सुबह तक अष्टमी तिथि रही और इसके बाद नवमी तिथि का शुभारंभ हुआ। जिसकी वजह से अधिकांश श्रद्धालुओं ने सोमवार को ही दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया। हालांकि कुछ श्रद्धालुओं ने एक दिन पहले ही रविवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया।

श्रीदेवी मंदिर में हुआ भजन कीर्तन

नवरात्र के दुर्गाष्टमी पर्व पर श्रीदेवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहले मां के दर्शन किए और फिर पूजा अर्चना करने के बाद भजन कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया।

कन्याओं ने किया श्री सत्यनारायण कथा का विमोचन

प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार सचिन की धार्मिक पुस्तक श्री सत्यनारायण कथा का कन्याओं ने विमोचन किया। इस दौरान कवि ने विधिविधान से कन्याओं का पूजन किया और उन्हें फल फूल भेंट किए।

मां बालासुंदरी मेले में जुटी भारी भीड़

दुर्गाष्टमी पर्व पर त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मेले में सोमवार को दुर्गा अष्टमी पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के दर्शन करने शुरू कर दिए थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कई-कई घंटे लाइनों में लगकर मां के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। बाद में श्रद्धालुओं ने मां बाला सुंदरी मंदिर के नजदीक आयोजित मेले में पहुंचकर खरीददारी की और झूलों का आनंद लिया। श्रद्धालु राजकुमार, चंद्रपाल, मोहित, सुरेंद्र व राजेश आदि ने बताया कि मां बालासुंदरी के दर्शन करने मात्र से जीव का कल्याणा हो जाता है। उन्होंने मां के दर्शन कर मन्नतें मांगी। उन्हें उम्मीद है कि अगले एक वर्ष के भीतर उनकी माता मनोकामना अवश्य पूरी करेंगी।



यमुनानगर। रादौर के पर्ल किंडरगार्टन विंग में आयोजित कार्यक्रम में मां दुर्गा के स्वरूपों का वेश धारण करके प्रतिभा का प्रदर्शन करती नन्हीं-मुन्नी बच्चियां। फोटो : हरिभूमि

बच्चियों ने किया मां दुर्गा के अष्ट स्वरुपों का वेशधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में दुर्गा अष्टमी व दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नन्हीं मुन्नी बच्चियों ने मां दुर्गा के नव स्वरुपों का वेश धारण किया और पारंपरिक रावण दहन की जगह विशालकाय बैलून रावण बनाकर बच्चों से उसे टूथपिक द्वारा फुड़वाया गया। इस अनूठी गतिविधि ने बच्चों में खूब उत्साह भरा और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति गोयल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति गोयल ने कहा कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम नन्हीं मुन्नी बच्चियों ने मां दुर्गा के अष्ट स्वरुपों का वेश धारण कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी सहित विभिन्न किरदारों में सजकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। दशहरे के महत्व पर पांच व दस पंक्तियां सुनाईं। वहीं, वशेष नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों, नारी शक्ति तथा शिक्षा द्वारा बाल श्रम और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्या स्वाति गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता विकसित करते हैं।

दुर्गाष्टमी पर संतोषी माता मंदिर रादौर में किया हवन व भंडारा

रादौर। शरदीय नवरात्रि के दुर्गाष्टमी व महानवमी पर्व के मौके पर सोमवार को रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित संतोषी माता मंदिर में हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भंडारे से पूर्व सभी की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में आयोजकों पंडित राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व पंडित रमेश शर्मा समेत गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र और कस्बावासियों की सुख स्मृद्धि की मंगल कामना की। पंडित राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व पंडित रमेश शर्मा ने बताया कि मां देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा कन्या पूजन के रूप की गई। इस दौरान कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें फल, हलवा और पूरी का भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि संतोषी माता मंदिर में हर वर्ष नवरात्रों के दौरान दुर्गा अष्टमी पर्व पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। दुर्गा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन वर्ष 1990 में उनके पिता स्वर्गीय धर्मवीर शर्मा द्वारा शुरु करवाया गया था। माता रानी की असीम कृपा से 36 वर्षों से उनके परिवार के सहयोग से वर्ष में दो बार दुर्गाष्टमी पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।



दुर्गा माता मंदिर में भी हुआ भंडारा

रादौर के दुर्गा माता मंदिर में भी दुर्गाष्टमी पर्व पर सोमवार को 26 वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामनाएं की गई। राजकुमार शर्मा ने बताया कि दुर्गा माता मंदिर को लेकर आसपास के लोगों में भारी आस्था है। इस अवसर पर मुकेश, सुरेश, सुरिंदर, सोहन, प्रदीप, पवन, अंजु, जतिन, तेजपाल,अनु व व्योम आदि मौजूद रहे।



मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र लगने से मूर्छित हुए लक्ष्मण

यमुनानगर। ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला में ग्यारहवें दिन लक्ष्मण मूर्छा का दृश्य मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नेता उमेश कांबोज बुबका ने रिबन काटकर किया। नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला में प्रथम दृश्य मंचन में महाराजा रावण और भगवान श्रीराम की ओर से युद्ध का ऐलान होता है। इस ऐलान के बाद युद्ध में रावण की ओर से उनका बेटा मेघनाथ और भगवान श्रीराम के खेमे से उनका छोटा भाई लक्ष्मण युद्ध करने रणक्षेत्र में पहुंचते हैं। दोनों वीरों के बीच भीष्ण युद्ध होता है। जिसमें मेघनाथ लक्ष्मण पर विजय पाते नहीं देख ब्रह्म अस्त्र चला देता है। ब्रह्मास्त्र के लगने से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। जिसके बाद भगवान श्रीराम के खेमें में कोहराम मच जाता है। मगर विभिषण द्वारा लंका में सुसैन नामक वैद्य के होने के बारे में श्रीराम को बताया जाता है।

शहीद भगत सिंह चौक पर स्थापित होगी सवा दस फुट ऊंची प्रतिमा : प्रसाद



यमुनानगर। शहीद भगत सिंह चौक पर जल्द ही सवा 10 फुट ऊंची शहीदे आजम भगत सिंह की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नगर निगम द्वारा प्रतिमा तैयार करवा ली गई है। करीब 15.65 लाख रुपये की लागत से चौक का नवीनीकरण किया जा रहा है। प्रतिमा की ऊंचाई को लेकर हुए विवाद के बाद अब निर्धारित मापदंडों के अनुसार नई प्रतिमा तैयार करवाई गई है। जिसे जल्द ही स्थापित किया जाएगा। उक्त जानकारी निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने दी। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि शहीद भगत सिंह चौक पर जल्द ही नई प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी। इससे चौक की भव्यता बढ़ेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में निर्धारित शर्तों और मापदंडों का पालन करना जरूरी है। काम पूरा होने के बाद एजेंसी की लापरवाही सामने आने पर उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि चौक के नवीनीकरण का निर्णय करीब दो साल पहले लिया गया था। पुरानी प्रतिमा हटाकर नई प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्ट्रक्चर भी तैयार किया गया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने 9 जनवरी 2025 को इस कार्य का शिलान्यास किया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार प्रतिमा की ऊंचाई सवा 10 फुट निर्धारित की गई थी। लेकिन एजेंसी ने 5 फुट 11 इंच ऊंची प्रतिमा स्थापित कर दी थी। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि पता चलने पर एजेंसी की पेमेंट रोक दी गई थी और उसे निर्धारित ऊंचाई के अनुसार प्रतिमा तैयार करवाने के निर्देश दिए गए थे। एजेंसी द्वारा लगभग सवा 10 फुट ऊंची प्रतिमा बनवाई जा रही है। जल्द ही चौक पर उसे स्थापित किया जाएगा।



व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड है प्रतिबद्धः बिंदल

यमुनानगर। हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल ने कहा कि व्यापारियों के हितों व समस्याओं का समाधान करने के लिए बोर्ड प्रतिबद्ध है। उन्होंने उक्त शब्द छछरौली अनाज मंडी का दौरा करने के दौरान धान प्रक्रिया का जायजा लेते हुए कहे। इस दौरान उन्होंने मंडी में खरीद व्यवस्था, धान के उठान तथा व्यापारियों को आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। मौके पर अनाज मंडी एसोसिएशन व राइस मिल एसोसिएशन ने बिंदल को अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। बोर्ड के वाइस चेयरमैन राकेश बिंदल ने संबंधित अधिकारियों एवं मंडी से जुड़े प्रतिनिधियों से खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने तथा किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न होने देने पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों को बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा स्कीम के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। बिंदल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलाना बोर्ड की प्राथमिकताओं में शामिल है।

देश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन का हो रहा है विस्तारः खदरी

यमुनानगर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष अधिकारी (शिकायत निवारण) भोपाल सिंह खदरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और सरकार के प्रोत्साहन से धार्मिक यात्राओं के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। आज देश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन का विस्तार हो रहा है। उन्होंने उक्त शब्द व्यासपुर के अजात आश्रम में आयोजित धार्मिक सभा में मुख्यातिथि के रुप में शिरकत करते हुए कहे। मुख्यातिथि एवं मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी भोपाल सिंह खदरी ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से आज धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। आप किसी भी धार्मिक स्थल पर चले जाएं मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। यह सनातन धर्म के लिए अत्यंत सुखद, सकारात्मक और उत्साहजनक संकेत है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के पावन तट पर स्थित अजात आश्रम एक अत्यंत पवित्र एवं आध्यात्मिक महत्व वाला स्थान है। परम संत श्री वित्तरागानंद जी महाराज ने अपने जीवन के अनेक दिन इस पावन भूमि पर व्यतीत किए।



गोदाम से सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी बरग्लेरी एवं एंटी नारकोटिक सेल टू की टीम ने गोदाम से सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक पर सवार होकर गांव रटौली के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। इस सूचना पर उप निरीक्षक गुरदयाल सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दो युवकों को काबू किया। पूछताछ पर जिनकी पहचान शिवपुरी व डेहा बस्ती निवासी कामेश उर्फ गंडू तथा जसवीर सिंह उर्फ खंडू के रूप में हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने आठ अक्टूबर को गांव नालागढ़ जगाधरी के एक गोदाम से ट्रैकों की छह बैटरियां तथा तांबे की तार को चोरी करने की वारदात का खुलासा किया। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

संगठित होकर सामाजिक एवं राजनीतिक उन्नति के लिए करें कार्यः कांबोज





रादौर। हरियाणा कांबोज महासभा के तत्वावधान में समाज की एकता एवं जागरुकता अभियान के तहत रादौर की कांबोज धर्मशाला में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रुप में समाज के वरिष्ठ नेता देशराज कांबोज ने भाग लिया। वहीं, मंच संचालन कमल कांबोज चमरौड़ी ने किया। मुख्यातिथि का सम्मेलन में पहुंचने पर समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद शहीद ए आजम उधम सिंह कांबोज की प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मख्यातिथि एवं समाज के वरिष्ठ नेता देशराज कांबोज ने कहा कि समाज संगठित और शिक्षित होगा। तभी वह सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा कांबोज महासभा के बैनर तले एकजुट होकर समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कांबोज समाज को संकल्प लेना चाहिए। किसी भी समाज की असली ताकत उसकी एकता और संगठन में होती है। जब संगठन मजबूत होगा तभी समाज को राजनीति में बराबरी का अधिकार और उचित भागीदारी मिल सकेगी। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

दशहरा पर्व प्रेरणा विषय पर आनलाइन संवाद कार्यक्रम

रादौर। सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया रादौर के तत्वावधान में सोमवार को दशहरा प्रेरणा का प्रकाश पर्व विषय पर 12वें आनलाइन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आनलाइन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यार्थ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सौरभ आर्य व मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में एंटी करप्शन इवेस्टिगेशन डिपार्टमैंट इंडिया के एडिशनल डायरेक्टर अजय कुमार गौतम ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट इंडिया के एडिशनल डायरेक्टर अजय कुमार गौतम ने कहा कि रावण यदि विद्वान अर्थात उच्च शिक्षित हैं तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम विद्यावान अर्थात सुशिक्षित हैं। हमें भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र से सुशिक्षित एवं मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, की नोट स्पीकर एवं कृपाशंकर झा ने कहा कि चित्र की नहीं चरित्र की पूजा का महत्व है । क्योंकि यह हमें शक्ति के सदुपयोग और दुरपयोग की शिक्षा देता है और क्रोध व करूणा के व्यवहारिक भावार्थ को परिभाषित करता है। एपरा ग्रुप आफ नोलिज से एसोसिएट शिक्षाविद डॉ.कीमती गौर



गाजियाबाद ने कहा कि आज हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि रावण क्या वास्तव में जल चुका है और यदि जल चुका है तो हमारे भीतर का क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या, झूठ व लालच आदि अवगुण आखिरकार समाप्त क्यों नहीं हुए। उन्होंने रावण जला मैदान में काव्य रचना प्रस्तुत कर दशहरा पर्व पर सुंदर संदेश दिया। कुलदीप आर्य लोदीपुर ने छायो हर्ष अपार कौशल नंदन राजा राम मधुबन खुशबू देता है का उपदेश दिया। वहीं, भजनोपदेशक राज किशोर रिंकू यमुनानगर ने बुराई को कभी जीवन में अपनाना नहीं चाहिए भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

भाजपा कर रही है लोकतंत्र का हननः गुर्जर

रादौर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव ऊंचा चांदना में चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं व वोट चोरी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के ग्रामीण सेल के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर व पार्टी के बीसी सेल के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने किया। केंद्र सरकार व मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितता करने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस बीसी सेल के जिला अध्यक्ष विक्रम सैनी ने कहा कि देश में भाजपा की नीतियों के कारण लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है। भाजपा मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता करके वीट चोरी करवाने का काम कर रही है। आज एसआईआर के नाम पर लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। मौके पर कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा पार्टी चुनावों में वोट चोरी करने का काम कर रही है।


रादौर के कृष ने कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

- तेजली खेल परिसर में हरियाणा राज्य कुश्ती ट्रायल कुमार केसरी दंगल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा राज्य कुश्ती ट्रायल कुमार केसरी दंगल प्रतियोगिता का यमुनानगर के तेजली खेल परिसर में आयोजन किया गया। जिसमें रादौर के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र कृष ने 60 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व इलाके का नाम रोशन किया है।

कोच एवं पहलवान साहब सिंह ने बताया कि तेजली खेल परिसर में गत दिवस हरियाणा राज्य कुश्ती ट्रायल कुमार केसरी दंगल



यमुनानगर। रादौर में गोल्ड मेडल दिखाता हुआ कुश्ती प्रतियोगिता का विजेता खिलाड़ी कृष। फोटो : हरिभूमि

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुश्ती के फाइनल मुकाबले में कृष ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में यमुनानगर के कुनाल को 10.0 से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमा लिया। आयोजको ने कृष को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उनका सपना ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना है। कोच साहब सिंह ने बताया कि उन्होंने कृष को 4 वर्ष की आयु में कुश्ती के दांव पेंच सिखाना शुरू किया था। कृष ने कक्षा तीसरी में पढ़ते हुए पहला गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

अब तक कृष 5 गोल्ड मेडल जीत चुका है। कृष को ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने के लिए तैयार किया जा रहा है। कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी कृष ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में यह उसका 5वां गोल्ड मेडल है। वह लगातार 5वीं बार गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता एवं कोच पहलवान साहब सिंह को दिया।

शिविर में 135 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

निर्मल अस्पताल में निःशुल्क अस्थमा, सांस एवं हृदय जांच शिविर लगाया

स्वस्थ रहने और बीमारियों से बाचव को लेकर खान-पान में बरतें ऐहतियातः डॉ. निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल में सोमवार को निःशुल्क अस्थमा, सांस, हृदय एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्थमा, सांस एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह की आगुवाई में चिकित्सकों की टीम ने 135 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की। मौके पर अस्थमा व दमा के मरीजों को इस बीमारी से बचाव के उपाय भी बताए गए। शिविर का शुभारंभ अस्थमा एवं दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने रिबन काटकर किया। शिविर में अस्थमा, दमा व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने 135 रोगियों की जांच की गई। इस दौरान अस्थमा व दमा रोग पीड़ति मरीजों को खान पान में ऐहतियात बरतने की सलाह दी गई और उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि आजकर सुबह शाम गुलाबी ठंड होने लगी है और दिन के समय मौसम में गर्मी हो रही है। जिससे मौसम में बदलाव हो रहा है। ऐसे मौसम में बदलाव के चलते अस्थमा व सांस के मरीजों को काफी ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है। ऐसे मौसम में इस रोग से पीड़ति मरीजों को जहां हल्का खान-पान करना चाहिए, वहीं सुबह शाम खुले में बाहर निकलने के दौरान कपड़ा ओढ़कर निकलें। आधा दर्जन चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। जिनमें अधिकांश लोगों को अस्थमा, शुगर, सांस, दमा व हृदय रोग से पीड़ति पाया गया।

तली हुई चीजे न खाएं मरीज

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने मरीजों को सलाह दी कि वह अधिक तलीय व ठंडी चीजें खाने से परहेज करें। बासी खाना भी न खाएं। मौके पर बाल विशोषज्ञों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की।



यमुनानगर। निर्मल अस्पताल में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अस्थमा के मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

दशहरे पर आज 101 फुट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में विजयदशमी पर्व को यादगार बनाने के लिए आज थीम पार्क में कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें नगर पार्षद पार्टी कार्यकर्ता ,सरपंच व अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। 20 अक्टूबर को केशव पार्क (थीम पार्क) में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में इस बार 101 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही 80 फुट ऊंचे कुंभकर्ण और 60 फुट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का भी दहन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक की।

कमेटी के संरक्षक एवं पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि उत्सव की शुरुआत सुबह 11 बजे न्यू कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। 101 ब्राह्मणों के शंखनाद और संत-महात्माओं द्वारा झंडी दिखाने के बाद शोभायात्रा रवाना की जाएगी। इसमें अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर तैयार विशेष झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्रद्धालु रस्सियों की सहायता से इस झांकी को आगे बढ़ाएंगे, जबकि 101 महिलाएं शोभायात्रा के आगे सड़क पर झाड़ू लगाकर सेवा का संदेश देंगी।

तीन किलोमीटर लंबी शोभायात्रा भी निकाली जाएगी



कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी के वरिष्ठ प्रधान प्रदीप झांब तथा धीरज गुलाटी ने बताया कि तीन किलोमीटर की यात्रा, शहर में जगह-जगह स्वागत करीब तीन किलोमीटर लंबी शोभायात्रा न्यू कॉलोनी से शुरू होकर परशुराम चौक, गोल बैंक, पर्ल मार्क के सामने, सेक्टर-17, पुराना पशु अस्पताल, बीकानेर मिष्ठान के सामने, रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के नीचे बने अंडरपास, रोटरी चौक, शीतला माता मंदिर, छोटा बाजार, सीकरी चौक, कच्चा घेर और बिड़ला मंदिर से होते हुए केशव पार्क पहुंचेगी।यात्रा के मार्ग में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं और दुकानदारों की ओर से स्वागत की तैयारियां की गई हैं। कमेटी के अनुसार, 18 स्थानों पर विशेष स्वागत होगा। वहीं, शोभायात्रा के दौरान ड्रोन से पुष्पवर्षा भी की जाएगी। लगभग 533 दुकानदारों द्वारा स्वागत में भाग लेने की बात कही गई है।

राम भजनों की विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी

कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रेम मदान के अनुसार, केशव पार्क में दोपहर करीब दो बजे से मुख्य कार्यक्रम शुरू होंगे, जो शाम पांच बजे तक चलेंगे। इस दौरान युवाओं और श्रद्धालुओं के लिए भजन-जैमिंग तथा राम भजनों की विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 5:30 बजे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।

सुरक्षा व सुविधाओं के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल और लंगर की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही यातायात नियंत्रण, अग्निशमन विभाग, मेडिकल टीम और सुरक्षा प्रबंधों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शहरवासियों, युवाओं और परिवारों से बच्चों सहित दशहरा उत्सव में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को दशहरा पर्व के बाद अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करवाने के लिए विशेष ट्रेन चलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और रेलवे मंत्रालय को पत्र भी लिखा गया है। मुख्य अतिथिः आयोजन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की जानकारी दी गई है।

मोती चौक पर होगा भगवान श्रीराम का तिलक

कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी और वरिष्ठ उपप्रधान प्रदीप झांब ने बताया कि कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी पिछले करीब 60 वर्षों से इस आयोजन की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। शोभायात्रा के मोती चौक पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भगवान श्रीराम का तिलक करेंगे। इस अवसर पर सर्वसमाज की ओर से सुभाष सुधा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया जाएगा।
कमेटी सदस्य धीरज गुलाटी ने बताया कि इस बार आयोजन को सनातन परंपराओं के अनुरूप और अधिक भव्य बनाने का प्रयास किया गया है। दशहरा उत्सव में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लोगों के मनोरंजन और सहभागिता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा पर्व



कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दशहरे का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी के मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा और जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र अरोड़ा, किड्स डीपीएस की प्रधानाचार्या साक्षी गाबा, नवयुग स्कूल के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर रितु चौधरी तथा समस्त अध्यापकगण द्वारा राम दरबार के स्वागत एवं पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर अध्यापिका मंजीत, अनु,रजनी, सीमा, नैंसी, परमज्योति, पंकज, मोनिका सुमन, पायल, कल्पना, हरिंदर, रिहाना, भारती, आशा, पूनम राणा, पिंकी, अंजली, स्वाति, मधु शर्मा, रीमा, स्नेह, गीता, रेनू, स्मृति, भुवनप्रीत, रुचिका,गुंजन तथा अध्यापक महिपाल आर्य,जसमेर,शक्तिप्रकाश, किरणजीत और राकेश, हेमंत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। डायरेक्टर बीडी गाबा ने विद्यार्थियों को दशहरे के आध्यात्मिक एवं नैतिक महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि दशहरा हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य, धर्म और सदाचार की ही होती है।

खबर संक्षेप



भारत को जानो प्रश्नोत्तरी में गुरुकुल का शानदार प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। भारत विकास परिषद की मैत्रयी शाखा की ओर से रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में गुरुकुल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जूनियर वर्ग में टीम तृतीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में विजेता विद्यार्थी अब 22 नवंबर को पूंडरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मैक्स जूनियर स्कूल में दशहरे की धूम



कुरुक्षेत्र। मैक्स जूनियर स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को दशहरे के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व से अवगत कराते हुए बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा।

रत्नावली समारोह 30 अक्टूबर से

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय महोत्सव-2026 का आयोजन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में हरियाणवी लोकगीत, भजन, रागनी, एकल एवं समूह नृत्य आदि सहित 33 सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की

श्रीदुर्गा अष्टमी पर घर-घर हुआ कंजक पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर सोमवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में घर-घर कंजक पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ और कन्या पूजन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। अष्टमी पर छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए और तिलक लगाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद कन्याओं को हलवा, पूरी, चने और अन्य पकवानों का प्रसाद खिलाया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को दक्षिणा और उपहार देकर आशीर्वाद लिया। इस बार कंजक पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही लोग अपने आसपास के घरों और गलियों में कन्याओं को आमंत्रित करने के लिए संपर्क करते नजर आए। एक ही समय पर बड़ी संख्या में घरों में कंजक पूजन होने के कारण कन्याओं की उपलब्धता कम पड़ गई। कई परिवारों को कन्याओं के आने का इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ लोगों ने आसपास के परिचितों से संपर्क कर पूजन की व्यवस्था की। नवरात्र के दौरान अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी कारण श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से कंजक पूजन कर नवरात्र के अनुष्ठान संपन्न किए। मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने माथा टेककर मां दुर्गा से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।





कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद



कुरुक्षेत्र। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा अष्टमी और महानवमी के महासंयोग में कुरुक्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक के निवास 'आशीर्वाद' में विधि-विधान से कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 9 कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनका पूजन किया गया। कन्याओं को तिलक लगाकर, चरण पखार कर, चुनरी ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक हलवा, पूरी, चने का प्रसाद ग्रहण कराया गया और उपहार-दक्षिणा भेंट की गई। परिवार के सदस्यों ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और मां दुर्गा से सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। डॉ. रामराज कौशिक ने कहा कि कन्या पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा माना गया है। आज कन्या पूजन की सार्थकता तभी है जब हम बेटियों को शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण दें। मां के नौ स्वरूप हमें साहस, शक्ति, धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

माता बाला सुंदरी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



शाहबाद। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर शाहबाद स्थित माता बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह चार बजे से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने कतारों में खड़े होकर माता बाला सुंदरी के पिंडी स्वरूप के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। अष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की और माता को हलवा-पूरी का भोग लगाया। शाहबाद में माता बाला सुंदरी को कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। इसी आस्था के चलते स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन किया और उन्हें हलवा-पूरी का प्रसाद वितरित किया। नवरात्र की अष्टमी पर कंजक पूजन को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंदिर भवन को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर के बाहर लगी खेल-खिलौनों की दुकानों पर भी बच्चों की खूब चहल-पहल रही। माता के दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने बच्चों के लिए खिलौनों की खरीदारी की।

नवरात्रि पर कन्याओं का पूजन कर मनाया दुर्गा महाष्टमी महापर्व



कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के सानिध्य में गांव शांति नगर कुरड़ी में श्रीमद् भगवती महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में महाष्टमी महापर्व 1008 कन्याओं का पूजन कर धूमधाम से मनाया गया। लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालु जन आकर मां के चरणों में नतमस्तक होकर मां का आशीर्वाद ग्रहण कर रहे हैं और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं मंदिर के प्रधान एडवोकेट जयनारायण दीक्षित ने कहा कि प्रति नवरात्रों में मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगता है और मंदिर में महायज्ञ कर पूणार्हुति श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी वाले एवं स्वामी शक्ति देव कुरड़ी वालों द्वारा डाली गई मां को भोग लगाकर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया जाता है और सुबह 4 बजे से ही मां के मंदिर में लंबी लाइनें लग जाती हैं। प्रति नवरात्रे मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र से पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक श्री सुभाष सुधा जी की धर्मपत्नी पूर्व अध्यक्षा नगर पालिका कुरुक्षेत्र मां के चरणों में विशाल जनसमूह में पहुंची कन्याओं का पूजन कर मां का आशीर्वाद ग्रहण किया और कुरड़ी वाले महाराजश्री से आशीर्वाद ग्रहण किया इस अवसर पर स्वामी संदीप ओंकार जी द्वारा बहन उमा सुधा को व साथ आए बहन लक्ष्मी अरोड़ा को मां के चरणों में पूषपगुच्छ देकर व मां की चुनरी उठाकर सम्मानित किया गया। महाअष्टमी पर हर वर्ष नवविवाहित युगल जोड़े व माता पिता अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवा कर अपनी मनौतिया पूर्ण करते हैं इसीलिए अष्टमी महापर्व पर संपूर्ण परिवार मां के चरणों में हाजिरी लगाते हैं व मां का आशीर्वाद ग्रहण करते है।

गीता विद्यालय में मनाया दशहरा

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भगवद्गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में दशहरा पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और दशहरा पर्व के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रामायण पर आधारित नाट्य मंचन रहा। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों, मर्यादा, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा को जीवंत किया। इस प्रस्तुति ने सभी को भारतीय संस्कृति और रामायण की शिक्षाओं से परिचित कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा रहे।प्राचार्य अनिल मदान और मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र ने भगवान श्रीराम जी का पूजन किया और सभी आचार्यों ने भगवान की आरती की।



श्रीदेवीकूप पर कन्याओं का पूजन

कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में श्रीदुर्गाष्टमी और महानवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर स्थित प्राचीन श्रीदेवीकूप पर त्रिदेवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया। सुबह से ही कंजक पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। दुर्गाष्टमी के अवसर पर पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने अपने परिवार की कन्याओं श्लोका पंडित, स्वास्तिका पंडित और शैविल शक्ति को त्रिदेवी स्वरूप मानकर श्री देवीकूप पर कंजक पूजन किया। इस दौरान कन्याओं के चरण पवित्र जल से धोए गए, पुष्प अर्पित किए गए तथा चुनरी, श्रृंगार सामग्री और उपहार भेंट किए गए। इसके बाद कन्याओं को हलवा, पूरी, चना और अन्य प्रसाद ग्रहण करवाया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।



सातवें चंडी महायज्ञ का समापन

पिहोवा। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्री दक्षिणा काली पीठ, मॉडल टाउन पिहोवा में आयोजित सातवें चंडी महायज्ञ का समापन धार्मिक अनुष्ठानों, पूणार्हुति, कन्या पूजन एवं भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में हलका विधायक मनदीप चट्ठा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान नवीन गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा, समाजसेवी विपिन काहड़ा, सरपंच विकल कुमार चौबे और पार्षद राजेश गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। सभी ने पीठ के महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी महाराज, श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज सहित उपस्थित संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



अक्षरा स्कूल में मनाया दशहरा व नवरात्रि

पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा एवं नवरात्रि उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण की मनमोहक प्रस्तुतियों और गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों की शानदार झलक प्रस्तुत की। रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए अध्यापिकाओं ने रामायण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। नन्हे बच्चों की मासूम अदाकारी और आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भी रामायण की प्रभावशाली लघु नाटिका के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत कर नवरात्रि उत्सव में रंग भर दिया। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



बी.आर. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा



कुरुक्षेत्र। बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दशहरा का पर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अति उत्साह से भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की। विद्यालय की ओर से जानकारी देते हुए श्रीमती प्रगति मुखीजा ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने रावण दहन की गतिविधि में भाग लिया। रावण दहन से पूर्व श्रीमती मधु शर्मा ने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करना हमें सत्य, सदाचार और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों को बुराइयों का त्याग कर अच्छे संस्कारों एवं सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में वृंदा गौड़ ने पाया तीसरा स्थान

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से गुरुग्राम स्थित मुख्यालय में 16 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार 2026-27 में विजडम वर्ल्ड स्कूल की छात्रा वृंदा गौड़ ने तीसरा स्थान हासिल कर कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन किया। प्रदेशभर से पहुंचे प्रतिभागियों के बीच वृंदा ने अपनी वैज्ञानिक समझ, विषय पर गहरी पकड़ और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से यह उपलब्धि प्राप्त की। सेमिनार का मुख्य विषय भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां था। इस विषय पर वृंदा ने वर्ष 2047 तक भारत की ऊर्जा जरूरतों, ऊर्जा सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के उपयोग और इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति में भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं और टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों के महत्व को प्रमुखता से उठाया गया। एससीईआरटी हरियाणा की ओर से जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, वृंदा गौड़ ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में किया रावण दहन



कुरुक्षेत्र। मोहन नगर स्थित सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में दशहरा पर्व के अवसर पर रामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा पर आधारित रामलीला का सुंदर मंचन कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। रामलीला में विद्यार्थियों ने विभिन्न पात्रों की भूमिका प्रभावशाली ढंग से निभाई। उनके अभिनय के माध्यम से सत्य, धर्म, मर्यादा और सदाचार का संदेश दिया गया। मंचन ने दर्शकों को बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के महत्व से परिचित कराया। कार्यक्रम के समापन पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। रावण दहन के माध्यम से विद्यार्थियों को अहंकार, असत्य और बुराइयों का त्याग कर सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

गुरुकुल कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक व वैदिक परंपरा देखेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

एक को स्वामी श्रद्धानंद जयंती समारोह में करेंगी शिरकत

30 अक्टूबर को होगी अंतिम रिहर्सल, अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दौरे में कुरुक्षेत्र के गुरुकुल की ऐतिहासिक और वैदिक परंपरा को देखेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध, पुख्ता और प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी की जाएं। प्रशासन की ओर से कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 1 नवंबर को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले स्वामी श्रद्धानंद की जयंती कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करना था, जिसमें भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा प्लान तैयार किया जाए। गुरुकुल परिसर के अंदर और बाहर, आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग को गुरुकुल परिसर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई, पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सभी तैयारियों की अंतिम रिहर्सल 30 अक्टूबर को की जाएगी। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त पंकज सेतिया, ओएसडी डा. राजेंद्र विद्यालंकार, गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर प्रवीन कुमार, एसडीएम पिहोवा डॉ. राहुल कनवारिया, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी, एसडीएम आदि मौजूद रहे।

संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, दिन-रात नाकाबंदी व चेकिंग अभियान जारी

त्योहारी सीजन में पुलिस सतर्क, आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए बढ़ाई गश्त

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों, सीआईए यूनिट को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्यौहारी सीजन के मद्देनजर पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सभी प्रबंधक थाना, सीआईए यूनिटों और खुफिया तंत्र को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। एसपी ने कहा कि दशहरा, दीपावली, भैयादूज सहित आगामी त्योहारों के दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ नियमित पैदल गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुसार चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए हैं।

नाकाबंदी और वाहन चेकिंग पर विशेष जोर



पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि जिले में दिन-रात नाकाबंदी और वाहन चेकिंग अभियान निरंतर जारी रखा जाए। विशेष रूप से दोपहिया वाहनों पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमने वाले व्यक्तियों पर नजर रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए छोटी-बड़ी सूचनाएं एकत्र करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहारों के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। सभी थाना प्रभारी और यातायात पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में यातायात की स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात का उचित प्रबंधन किया जाए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। एसपी ने लोगों से भी अपील की है कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, असामाजिक तत्व या आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अपुष्ट सूचनाओं को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने में नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता

पुलिस की ओर से बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्दी और सादे कपड़ों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती किए जा रहे हैं ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते नजर रखी जा सके। सभी थाना प्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा इनके आसपास स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा इन स्थानों पर नियमानुसार जांच की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाया जा सके। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

पुलिस वेरिफिकेशन बेहद अनिवार्य

जिला में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत मकान मालिकों, पीजी संचालकों तथा घरेलू सहायकों को काम पर रखने वाले लोगों के लिए पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में बाहरी लोग पेइंग गेस्ट (पीजी) आवासों और किराये के मकानों में रहते हैं। कई बार मकान मालिकों और पीजी संचालकों द्वारा किरायेदारों एवं वहां रहने वाले व्यक्तियों का उचित रिकॉर्ड नहीं रखा जाता और न ही उनका पुलिस सत्यापन करवाया जाता है। ऐसी लापरवाही का फायदा उठाकर असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आपराधिक वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। जारी आदेशों के तहत किसी भी आवासीय या व्यवसायिक परिसर के मालिक, मकान मालिक अथवा प्रबंधक को किसी व्यक्ति को किराये पर मकान देने या अन्य प्रकार से आवास उपलब्ध कराने से पहले संबंधित किरायेदार, पीजी में रहने वाले व्यक्ति अथवा अन्य निवासी का पूरा विवरण संबंधित पुलिस थाने में उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त, मकान या परिसर किराये पर देने अथवा किसी व्यक्ति को पीजी में ठहराने के इच्छुक व्यक्ति को संबंधित थाना प्रभारी के पास निर्धारित विवरण लिखित रूप में प्रस्तुत करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया है कि सभी पीजी संचालकों, मकान मालिकों और परिसर के प्रबंधकों को किरायेदारों एवं पीजी में रहने वाले व्यक्तियों का उचित पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। बिना उचित पुलिस सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को आवास उपलब्ध नहीं करवाया जाना चाहिए। आदेशों के अनुसार घरों में घरेलू सहायकों अथवा अन्य घरेलू कर्मचारियों को काम पर रखने वाले व्यक्तियों को भी उनकी पूरी जानकारी संबंधित पुलिस थाने में लिखित रूप से उपलब्ध करवानी होगी।



बराड़ा। सांसद व विधायक कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालते हुए।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर सड़कों पर निकाला रोष मार्च, केंद्र सरकार पर भी जमकर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत सोमवार को साहा में कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कथित वोट चोरी के मुद्दे पर रोष जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उनका पुतला भी फूंका। प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध, अंलोकसभा सांसद वरुण चौधरी और मुलाना विधायक पूजा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मताधिकार की रक्षा करने और चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। यहां अपने संबोधन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखना और लोगों का चुनाव व्यवस्था पर विश्वास कायम रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी से जुड़े आरोप लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इन आरोपों पर चुनाव आयोग को पारदर्शी तरीके से जवाब देना चाहिए।

ये रहे मौजूद

उन्होंने आरोपों की निष्पक्ष जांच और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता के वोट की विश्वसनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जनता के मताधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष रवि अरोड़ा, नरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

अंबाला। उपायुक्त कार्यालय के सभागार में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम दर्शन कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम किया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें।



सिल्वर सिटी थीम्स में रामलीला का भव्य मंचन

पंचकूला। सिल्वर सिटी थीम्स में लगातार तीसरे वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष की रामलीला पिछले दो वर्षों की प्रस्तुतियों से अलग और विशेष रही। इस बार रामायण के पात्रों ने मंच पर स्वयं अपना परिचय देकर दर्शकों को कथा से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया। इसके साथ ही रामायण के प्रमुख प्रसंगों पर आधारित छोटे-छोटे एक्ट प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।यह कार्यक्रम सिल्वर सिटी थीम्स की (रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से आयोजित किया गया। के सहयोग और सामुदायिक सहभागिता ने इस सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस विशेष प्रस्तुति का निर्देशन अरुणा मल्होत्रा ने किया, जबकि बच्चों को अभिनय एवं मंच प्रस्तुति के लिए हेमा और विक्रांत ने प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं से रामायण के विभिन्न पात्रों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को सुंदर ढंग से मंचित किया गया।

अवैध निर्माण पर डीसी ने ली रिपोर्ट

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अपने कार्यालय में जिला नगर योजनाकार, एचएसवीपी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अवैध निर्माण व अवैध कॉलोनियों के दृष्टिगत एक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा से अवैध निर्माण के तहत जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे हैं उसकी विस्तार से जानकारी हासिल की। डीटीपी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि विभाग द्वारा शैडयूल के मुताबिक 16 जगहों पर बनाकर अवैध निर्माण के तहत कार्रवाई की रूपरेखा तय की गई है।

अब सरकारी-निजी स्कूलों के नौनिहाल जीवन की व्यवहारिक चुनौतियों से निपटना सीखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किताबी ज्ञान के साथ-साथ अब सरकारी और निजी स्कूलों के नौनिहाल जीवन की व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के लिए भी तैयार होंगे। जिला प्रशासन ने बच्चों को आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और सजग नागरिक बनाने के उद्देश्य से एक पहल प्रोजेक्ट विश्वास की शुरुआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चा जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करके बाहर निकले, तो वह न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हो, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीने, अपनी सुरक्षा करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हो। प्रोजेक्ट विश्वास के तहत प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए उनकी उम्र के अनुसार गतिविधियों और कौशलों का खाका तैयार किया गया है। शुरुआती कक्षाएं जैसे प्री-नर्सरी से केजी के छोटे बच्चों को हाथ-मुंह धोना, खिलौने सही जगह रखना, स्कूल बैग पैक करना, पेड़-पौधों में पानी देना और गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा और कचरा प्रबंधन की दी जाएगी।

नागरिकता के कर्तव्यों का बोध कराया जाएगा

इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग के कक्षा 1 से 3 के तहत सब्जियां-फल धोना, सड़क सुरक्षा के नियम, कचरा अलग करना, घर की सफाई व डस्टिंग करना, प्राथमिक चिकित्सा और अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सिखाया जाएगा। उच्च प्राथमिक वर्ग कक्षा 4 से 6 के तहत बिना गैस जलाए भोजन (जैसे वेज सैंडविच) बनाना, सुई में धागा पिरोना, उपभोक्ता अधिकार, खाना गर्म करना, कपड़े धोना और किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक परिवर्तनों के बारे में जागरूक करना शामिल है। माध्यमिक वर्ग कक्षा 7 से 8 के तहत समय प्रबंधन, यात्रा की योजना बनाना व बजट तैयार करना, मासिक धर्म स्वच्छता, वित्तीय बजट और डिजिटल प्राइवेसी व पासवर्ड सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी। उच्च वर्ग कक्षा 9 व 10 के तहत आपातकालीन स्थिति में कदम उठाना, बैंक खाता खोलना, मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन, प्रोफेशनल ईमेल लिखना, ऑनलाइन टिकट बुकिंग और जिम्मेदार नागरिकता के कर्तव्यों का बोध कराया जाएगा।

विद्यार्थियों ने रावण के पुतले का किया दहन

डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया विजयदशमी का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विजयदशमी केवल रावण के पुतले के दहन का पर्व नहीं बल्कि अपने भीतर छिपी बुराइयों पर विजय प्राप्त करने और सत्य, मर्यादा व सदाचार को जीवन में अपनाने का संकल्प भी है। इसी भावना के साथ अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में महात्मा आनंद स्वामी की स्मृति में मनाए जा रहे 'आनंद पर्व' के अंतर्गत विजयदशमी का उत्सव श्रद्धा, उल्लास और वैदिक संस्कारों के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. राधा रमन सूरी ने रावण दहन कर विद्यार्थियों को आत्मविजय और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। रावण दहन का दृश्य विद्यार्थियों के लिए केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर बना। रावण के दस सिर मानो मनुष्य के भीतर छिपे अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या, स्वार्थ और अन्य दुर्गुणों के प्रतीक बनकर सामने आए। पर्व ने प्रेरणा दी कि सच्ची विजय तभी संभव है, जब हम स्वयं की कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें और राष्ट्र को कमजोर करने वाली बुराइयों तथा सामाजिक कुरीतियों के अंत में अपना योगदान दें। इसी पावन अवसर पर आनंद पर्व के अंतर्गत कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक हवन-यज्ञ भी किया गया।



बराड़ा। डीएवी स्कूल में विजयदशमी मनाते स्कूली छात्र।

प्रेरणा का आह्वान

विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने बताया कि 15 से 24 अक्तूबर तक आयोजित 'आनंद पर्व' महात्मा आनंद स्वामी के जीवन-मूल्यों और विचारों से प्रेरणा लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महात्मा आनंद स्वामी ने जीवनपर्यंत सामाजिक बुराइयों का खंडन किया और समाज में जागरूकता तथा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उनके विचार हमें सिखाते हैं कि समाज को बेहतर बनाने की शुरुआत स्वयं से होती है।

विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2026 को जिला न्यायालय परिसर में (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके। न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं।



कुश्ती और हरियाणवी सांग रहेंगे मुख्य आकर्षण के केंद्र

मारकंडा नदी पर लगेगा गरबड़ो का प्रसिद्ध मेला

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

गांव तंदवाल-हरयोली की सीमा पर स्थित मारकंडा नदी के किनारे पर महर्षि मारकंडेय मंदिर उदासीन आश्रम बड़ा अखाड़ा की ओर से 26 और 27 अक्टूबर 2026 को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय गरबड़ों का मेला लगेगा। इस मेले को लेकर इलाके के लोगों में खासा उत्साह है। इस मेले में हरियाणा के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग आते हैं। मंदिर के महंत ज्ञान मुनि उदासीन ने बताया कि इस मेले में भाग लेने के लिए आश्रम की ओर से सभी श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों और धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति और पारंपरिक खेलों की झलक भी देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में कुश्ती प्रतियोगिता, सांगी और अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। आयोजकों का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ ग्रामीण संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। मेले में खेल-खिलौने, श्रृंगार का सामान, सजावट का सामान, गरबड़ों, मिट्टी के बर्तनों की दुकानें लगती है। मेले में आने वाले श्रद्धालु मीठे चावलों का प्रसाद मारकंडा नदी पर चढ़ाकर माथा टेकते और मन्नते मांगते है।



बराड़ा। मारकंडेय मंदिर का फाइल फोटो व महंत ज्ञान मुनि उदासीन।

हरियाणवी सांग कार्यक्रम होगा

दो दिवसीय इस मेले में दोनों दिन शाम चार बजे से शाम छह बजे तक कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। इसमें दूर दूर से आए पहलवान अपनी शारीरिक क्षमता और दांव-पेच का प्रदर्शन करेंगे। वहीं रात में नौ बजे से दो बजे तक हरियाणवी सांग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें हरियाणवी लोककला और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। सांग की लोकपरंपरा ग्रामीण जीवन और हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है।